**खबर संक्षेप**

## मंडला में भाजपा जिला कार्यशाला आज

**मण्डला।** देश भाजपा संगठन के निर्देशानुसार दिनांक 29 मई 2026, शुक्रवार को दोपहर 1:00 बजे भाजपा जिला कार्यालय, मंडला में जिला कार्यशाला आयोजित की जा रही है। उक्त कार्यशाला में जिला प्रभारी रमेश भटेरे, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके एवं जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। कार्यशाला में जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष/महामंत्री, प्रदेश मोर्चा पदाधिकारी, जिला मोर्चा अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष तथा नगरपालिका/नगर परिषद के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। हम सभी के लिए यह अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'राष्ट्रप्रथम' के संकल्प के साथ निरंतर प्रधानमंत्री के रूप में सेवा दे रहे हैं। नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में एनडीए सरकार के ऐतिहासिक उपलब्धियों से परिपूर्ण 12 वर्ष, 7 जून, 2026 को पूर्ण हो रहे हैं। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने गरीब, शोषित एवं वंचित वर्गों के कल्याण हेतु उल्लेखनीय कार्य किए हैं। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को लाभान्वित करना, नारी शक्ति का सशक्तिकरण तथा देश का समग्र विकास हमारी प्रमुख उपलब्धियाँ रही हैं। वैश्विक चुनौतियों को अवसरों में परिवर्तित करते हुए सरकार विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ रही है। आगामी दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सबसे लंबे समय तक निरंतर निर्वाचित रहने वाले प्रधानमंत्री बनेंगे और जनसेवा के अपने सार्वजनिक जीवन में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित करेंगे। 12 साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के पूर्ण होने के शुभ अवसर पर, 5 जून, 2026 से 21 जून, 2026 तक निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### दलगत राजनीति को छोड़ लगे रेत एवं शराब के धंधे में

# विकास हेतु क्यों नहीं होती एकता





*** अधिकारी कर रहे कमाई और कार्यवाही।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

मंडला वैसे तो प्रत्येक राजनीतिक दल अपने सिद्धांतों एवं पार्टी लाइन को लेकर ही व्यवहार करता है लेकिन जिले में देखा जा रहा है कि जहां निज स्वार्थ एवं मोटी कमाई की बात आती है तो प्रत्येक राजनीतिक दल अपने सिद्धांतों को परे रखकर एकता प्रदर्शित करने में लग जाता है लेकिन यह एकता सिर्फ और सिर्फ अपनी कमाई के लिए हो पाती है नगर एवं जिले के विकास हेतु कभी ऐसी एकता नजर नहीं आती इन दिनों जिस तरह से रेत एवं शराब के अवैध कारोबार में भाजपा कांग्रेस के नेतागण लगे हुए हैं और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी भी विरोध छोड़कर सहयोग में लगी हुई है कहीं-कहीं कुछ विरोध के स्वर उठ भी रहे हैं तो उनके द्वारा जिन तक इस कमाई का हिस्सा नहीं पहुंच पा रहा है और इस स्थिति का सबसे ज्यादा फायदा प्रशासनिक अधिकारी उठा रहे हैं उनकी एकता से भी उन्हें फायदा होता है और विरोध से भी कोई भी राजनीतिक दल प्रशासन के विरुद्ध आवाज नहीं उठाता और जब खटपट होती है तो इन्हीं के माध्यम से कार्यवाही करने का अवसर भी मिलता है लिहाजा कमाई भी और कार्यवाही भी चल रही है

शराब के ठेके जिस तरह से बढ़कर लिए गए हैं लिहाजा उतनी रकम निकालने भी है और उसके लिए प्रयास भी किया जा रहे हैं कमोबेश रेत में भी यही स्थिति है आपसी एकता के चलते नियमों को दरकिनार कर मशीनों के माध्यम से नदियों का सीना छलनी किया जा रहा है अवैध रूप से ओवरलोडिंग कर गीली रेत परिवहन की जा रही है रॉयल्टी तो आजकल सिस्टम में ही नहीं है करोड़ों का व्यापार सिर्फ पर्ची पर हो रहा है अब सरकार को चुना लगे तो लगे इससे इन्हें क्या।

### बिछिया पुलिस को बड़ी सफलता

जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बिछिया पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बुधवार की देर रात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक ऑटो कार से करीब 35 लीटर अवैध शराब जब्त की है। पुलिस ने वाहन की तलाशी के दौरान चार पेटी एमडी रम बरामद की, जिसकी कुल कीमत लगभग 2 लाख 36 हजार रुपये बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक वाहन में अवैध रूप से शराब परिवहन की जा रही है। सूचना के आधार पर बिछिया पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध ऑटो कार को रोका और तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से बड़ी मात्रा में शराब बरामद हुई।

पुलिस ने मौके से आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके बाद आज आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि शराब कहां से लाई जा रही थी और इसकी सप्लाई कहां की जानी थी। वहीं इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

### बम्हनी में भी अवैध शराब का जखीरा जप्त

मंडला जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बम्हनी बंजर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 2 लाख 62 हजार रुपये कीमत की अवैध शराब जप्त की है। बताया जा रहा है कि शराब की यह खेप मोचा क्षेत्र से मंडला की ओर लाई जा रही थी।

जानकारी के अनुसार बम्हनी बंजर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक वाहन में भारी मात्रा में अवैध शराब परिवहन की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका और तलाशी ली। जांच के दौरान वाहन से बड़ी मात्रा में शराब बरामद हुई, जिसके बाद पुलिस ने वाहन सहित शराब को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक जप्त शराब की अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख 62 हजार रुपये बताई जा रही है। मामले में संबंधित आरोपियों से पूछताछ की जा रही है तथा यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि शराब की खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे किन क्षेत्रों में खपाने की तैयारी थी। सूत्रों का कहना है कि पुलिस अब शराब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की भी जानकारी जुटा रही है। संभावना जताई जा रही है कि इस मामले में और भी लोगों की संलिप्तता सामने आ सकती है। बम्हनी बंजर पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही अवैध शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## संसार से नाता छोड़ो, हरी से नाता जोड़ो मनीषी कथावाचक मिथिलेश मिश्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया

ग्राम नेवासा तहसील बिछिया जिला मंडला में विगत दिवसों से चल रही श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन पूज्य महाराज कथा के माध्यम से बताया की सभी लोग संसार को छोड़कर भगवान का भजन करे क्योंकि मरने के बाद कौन कहा तक साथ देता पत्नी का साथ घर की देहली तक बेटा का अग्नि दान तक रिश्तेदारों का श्मशान तक इस नाशवान संसार में कोई किसी का नहीं संसार की आशा छोड़ हरि से नाता जोड़ो ओर साथ आचार्य जी ने समझ से अपील की पश्चात सभ्यता को छोड़कर भारतीय परंपरा को अपने क्योंकि आज जो दुर्गति बफर सिस्टम में भोजन की होती हे इसलिए भोजन बैठ कर ही करे खड़े होकर भोजन करना अपना स्वभाव नहीं हे तो जानवरों का हे इसलिए सभी को भोजन बैठकर करना चाहिए और महाराज जी ने प्रसंग को प्रसंग से जोड़ा अजामिल उपाख्यान प्रहलाद चरित्र गजेन्द्र ग्रह की कथा बामन अवतार की कथा राम जन्म कृष्ण जन्म की कथा सुनाई साथ में पिता का त्याग बताते बताते भावक हो गए और पूरा पंडाल भावुक हो गया कथा के मुख्य यजमान टीकाराम मोहन सिंह रोशन सिंह राजेंद्र सिंह जीवन सिंह उपेंद्र सिंह एवं समस्त राजपूत परिवार नेवासा जिला मंडला रहे।



## थाना नैनपुर पुलिस द्वारा वाहन चोरी के 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार एवं स्थाई वारंटी की तामिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



पुलिस अधीक्षक मंडला राजेश रघुवंशी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में थाना नैनपुर पुलिस द्वारा वाहन चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

फरियादी आदिल खान पिता रहीमुद्दीन खान उम्र 37 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 05 नैनपुर थाना नैनपुर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 08/04/2026 के सायं करीब 05:30 बजे से दिनांक 11/05/2026 के दोपहर 01:00 बजे के मध्य अज्ञात आरोपियों द्वारा रेलवे स्टेशन नैनपुर स्थित मोटर सायकल पार्किंग शेड से उनकी मोटर सायकल अपाचे क्रमांक MP 28 ZB 0225, कीमत लगभग 1,40,000 रुपये चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाया जिस पर थाना नैनपुर में अपराध क्रमांक 242/26 धारा 305(ए) बी.एन.एस. के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया।

वाहन चोरी की घटना के बाद थाना नैनपुर पुलिस द्वारा स्थानीय मुखबिर तंत्र सक्रिय कर अज्ञात आरोपियों एवं चोरी गई मोटर सायकल की तलाश पतासाजी की गई। विवेचना के दौरान संदेह के आधार पर आदित्य पटैल एवं पारस रकसिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिस पर दोनों आरोपियों ने मिलकर उक्त मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गई मोटर सायकल अपाचे क्रमांक MP 28 ZB 0225, कीमत 1,40,000 रुपये, देहवानी रोड स्थित प्रतीक्षालय के पास से बरामद कर विधिवत जप्त की गई।

गिरफ्तार आरोपियों में आदित्य पटैल पिता राजेश पटैल, उम्र 21 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 01 नैनपुर थाना नैनपुर, पारस रकसिया पिता देवचंद रकसिया, उम्र 19 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 06 नैनपुर थाना नैनपुर शामिल रहे।

इसी क्रम में थाना नैनपुर पुलिस द्वारा ऑपरेशन हेल्प हेंडलिंग के तहत माननीय न्यायालय प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मंडला द्वारा एम.जे.सी.आर. क्रमांक 14/25 धारा 147 बी.एन.एस.एस. 2023 में जारी स्थाई वारंट पर कार्यवाही करते हुए मोहित चंदेला पिता मिट्ठन लाल चंदेला उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम गोकुलथाना थाना नैनपुर को बस स्टैण्ड नैनपुर से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। निरीक्षक बलदेव सिंह मुजाल्दा, सउनि जगदीश सैयाम, आरक्षक 377 अक्षय, आरक्षक 621 ओमप्रकाश बघेल, आरक्षक 355 नवीन मारूवंश एवं आरक्षक 525 शैलेन्द्र मरकाम की सराहनीय भूमिका रही।

## अवैध खनिज परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, ट्रैक्टर जप्त



**मण्डला।** मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग के निर्देशों तथा कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे के निर्देशन में प्राप्त शिकायतों के आधार पर 27 मई को मंडला क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान अवैध खनिज परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त एक ट्रैक्टर वाहन क्रमांक एमपी 51 जेडडी 5218 को जप्त किया गया। जप्त वाहन को शासकीय अभिरक्षा में थाना कोतवाली मंडला की सुपुर्दगी में रखा गया है। संबंधित वाहन के विरुद्ध मप्र खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की कार्रवाई की जा रही है।

**कार्यवाही** | **थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मोटर सायकल चोरी गिरोह का पर्दाफाश।**

# 2 आरोपी गिरफ्तार, 7 चोरी की मोटर सायकल जप्त

*** कुल मसरूका 900000 जप्त।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



मंडला कोतवाली थाना अंतर्गत मोटर सायकल चोरी के एक प्रकरण में पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक संगठित चोरी गिरोह का पर्दाफाश कर 02 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 07 चोरी की मोटर सायकल जप्त की गई है।कृष्णा सोनी पिता योगेश सोनी उम्र 19 साल निवासी बिनेका तिराहा मंडला 1 से पैशन प्लस 2. अमन नंदा पिता बैसाखी लाल नंदा उम्र 22 साल निवासी ग्राम पंडरिया थाना करंजिया जिला डिंडोरी आरोपी के पास से रॉयल एनफील्ड बुलट, आर15 यामाहा,सुजुकी जिक्सर ,एचएफ डीलक्स, बजाज पल्सर ,होंडा पेशन प्लस , बजाज पल्सर एनएस प्रकरण में धारा 321(1), 303(2), भारतीय न्याय संहिता (BNS) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। कार्यवाही में निरीक्षक शफीक खान ए एसआई भुनेश्वर वामनकर तारा ज्ञिक्राम वंदना नाग प्रधान आरक्षक अशोक मार्को मोहन कुड़पे आरक्षक प्रियांश रमेश मृदुल मानसिंह हनु मार्को धर्मेन्द्र धीरेंद्र टेकाम सराहनी योगदान रहा।



# शहर में हर्षोल्लास से मना ईद का त्यौहार, मुस्लिम भाईयों ने एक दूसरे के गले मिलकर दी बधाईयाँ, भाईचारे की नगर में देखने मिली अनोखी मिसाल















हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा

। हमारे नगर में जिस प्रकार से सभी धर्मो के त्यौहार मिल जुलकर मनाने व एक दूसरे का सहयोग करने की जो परम्परा रही है उसी परम्परा के तहत कल गुरूवार को भी मुस्लिम सामाजिक बंधुओं द्वारा ईदुलअजहा बकरा ईद का त्यौहार बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। ज्ञात हो कि जिस तरह सभी वर्ग के लोगों के त्यौहारों में एकता देखने मिलती है उसी प्रकार से इस वर्ष भी सामूहिक रूप से ईदगाह सहित अन्य जगहों पर नमाज अदा करते हुये एक दूसरे के गले मिलकर मुबारक वार्ड दी गई। बताया जाता है कि मुस्लिम बंधुओं के प्रमुख माने जाने वाले इस त्यौहार के मौके पर मुस्लिम बोहरा समाज बंधुओं का ईद अजहा का त्यौहार एक दिन पहले मनाने के बाद मुस्लिम समाज के ईद ज्जुहा यानि

की बकरा

ईद का त्यौहार शहर में भाईचारे व शांति मनाया गया। ईदुलअजहा बकरा ईद का त्यौहार कुर्बानी बलिदान का संदेश मानव जाति को देता है इसका सीधा अर्थ खुदा के बताये हुये मार्ग पर चलना होता है। मुसलमानों का बेहद खुशी का त्यौहार ईद उल ज्जुहा पर नगर के सभी लोगों ने खुशनुमा अंदाज में ईद मनाते हुये एक दूसरे के गले मिलकर खुशिया बांटते हुये सद्भावना का संदेश दिया। ईद के चलते सुबह 8 बजे से 9.30 बजे तक मस्जिदों में नमाज अदा की गई । ईदगाह में होने वाली सामूहिक नमाज होने के बाद मस्जिदों में नमाज अदा की गई जिसके चलते जामा मस्जिद नमाज आफिज जुबेर आलम साहब ने पढ़ाकर अल्लाह से वतन की खुशहाली व तरक्की व एकता भाईचारे के लिये दुआ मांग कर मुस्लिम भाईयों को संदेश दिया कि

इस्लाम के

बताये हुये रास्ते पर चलकर मोहम्मद मुस्ताफा सरकारे दो दो आलम की सुन्नत पर अमल करे। इस प्रकार ईदगाह में नमाज के उपरांत लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारक बाद देने के बाद मुस्लिम भाईयो ने कब्रिस्तान पहुंचकर मरहूमों के हक में दुआये की। इसके बाद पानी टंकी के पास छोटी मस्जिद में ईद की नमाज अदा की गई। वही नमाज अदा करने के बाद मुस्लिमजनों ने अल्लाह से शहर व प्रदेश तथा देश के निवासियों की खुशहाली की दुआएं मांगी गई। इसके उपरांत अपनी तकरीर में जामा मस्जिद कमेटी के पेश इमाम जुबैर आलम साहब ने मुस्लिम समुदाय की महिलाओं को सशक्त बनाने पर बल देते हुए व्यक्त किया कि बकरीद पर कुर्बानी देने की अहमियत इसलिए है कि खलील कबता पैगम्बर ने अल्लाह के प्रति जो समर्पण की जो मिशाल पेश की गई थी वह अद्भुत और प्रेरक है। इस दौरान उन्होंने कहा कि सदमार्ग पर चलते हुए मुस्लिम समाज के युवकों को माँ, बाप की खिदमत करना चाहिए और समाज की बेहरती के कामों में सहभागी बनना चाहिए। इस मौके पर जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष ने जामा मस्जिद कमेटी की उपलब्धियों पर रोशनी डालते हुए कहा कि मुस्लिम भाईयों को अपने बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा दिलाकर उनकी प्रगति का मार्ग प्रशस्त करते हुए समाज के हर वर्ग के लोगों की सेवा, सहायता करने में तत्पर रहना चाहिए, ईद के मौके पर नगर में शांति व्यवस्था बनाने के लिये उप पुलिस अधीक्षक एल एस डागूर व नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान सहित नपा अधिकारी वैभव देशमुख सहित आलवा प्रमोद सिंह चौहान व अन्य अधिकारियों ने जहां मुस्लिम भाईयों ईदुज्जुहा की शुभकामनाएं दी। वही जामा मस्जिद कमेटी के मेहमूद पहलवान, मुस्लिम त्यौहार कमेटी के अध्यक्ष मो. मुजीब खान, अब्दुल फिरोज खान ने ईदुज्जहा पर अपेक्षित व्यवस्थाएं बनाने के लिए पुलिस, नपा प्रशासन का आभार प्रकट करते हुए हर्ष व्यक्त किया गया। बताया जाता है कि इस दौरान शहर में तहां तहां पुलिस के जवान तैनात नजर आये। सांईखेड़ा में भी हर्ष के साथ मनाई गई ईद- इसी प्रकार से समीपस्थ सांईखेड़ा में ईद के मौके पर मुस्लिम भाईयों द्वारा मौसम को ध्यान में रखते हुये ईद की नमाज अदा करते हुए एक दूसरे को ईद की बधाई दी गई। इसके आलवा हमारे सालीचौका, चीचली, खुलरी, पलोहा, कल्याणपुर, सिहोरा बोहानी, खंजारी, बनवारी प्रतिनिधियों से मिली जानकारी के अनुसार यहां पर भी ईद का त्यौहार शांति पूर्वक व शासन के निर्देशों के तहत मनाया गया। इस संबंध में जामा मस्जिद कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मेहमूद पहलवान के अनुसार इस वर्ष पड रही भीषण गर्मी के दौर के चलते निश्चित ही लोग परेशान हो रहे है मगर संयोग से सुबह के वक्त मौसम कुछ खुशनुमा रहा जिससे ईदगाह तक लोगों को आवागमन में किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई का सामना नही करना पड़ा है। वही मुस्लिम जनों की सुविधाओं के लिए प्रशासन की ओर से सभी व्यवस्थाएं अच्छी बनाई गई थी। वही ईद के अवसर पर गुलजार बाजार में इस बार मंहगाई ने भी खास असर नही दिखाया, जिसके कारण गरीबों, जरूरत मंदों को जकात देकर हमने उनकी आंखों में चमक लाकर उनकी ईद मनाने की खुशियाँ बढ़ाई, सचमुच इस साल ईद मनाने में भरपूर आनंद आया। वही गुड्डु भाईजान का कहना है कि हमारे नगर की परम्परा रही है कि सभी त्यौहार बड़ी धूमधाम के साथ मनाये जाते है। इसी के चलते नगर में देखा गया कि ईद के अवसर पर नगर में मुस्लिम भाईयों को सभी वर्ग के लोगों ने मिलकर ईद का त्यौहार मनाया गया और ईद की बधाई देने में कोई कसर नही छोड़ी गई, मुझे नाज है कि भाईचारे के लिए महशूर हमारे प्यार शहर में ईद का त्यौहार मिलजुलकर मनाया गया। इसी प्रकार से अब्दुल फिरोज खान बबलू का कहना है कि शासन प्रशासन की ओर से ईद पर की गई व्यवस्थाएं सराहनीय थी, जिससे उत्साह से ईद मनाने में दिक्कत नही हुई, मुझे इस बात की खुशी है कि ईद के दिन मुझे शहरवासियों की ढेरों शुभकामनाएं मिली, मुहब्बत मिली जिससे मेरे लिए इस बार ईद का त्यौहार यादगार बन गया। इसी प्रकार से मुजीब खान का कहना है कि हमारे शहर में हिन्दू, मुस्लिम त्यौहरों को सद्भाव के साथ मनाने की जो परम्परा रही है, उसी के अनुसार ईद का त्यौहार संपन्न होने की मुझे खुशी है, मुझे उम्मीद है कि आने वाले दौर में भी शहर मं ईद के समान खुशियों के रंग बिखरे रहेगे।

# सांईखेड़ा क्षेत्र वर्षा के केहर से नहीं बच पा रही मादक पदार्थों के कारोबारी, युवक के पास से जप्त किया गया स्मैक पावड़र







**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** कहा जाता है कि जब किसी अधिकारी में निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वाहन करने का जुनून रहता है तो भले ही उसे वहां पर प्रमुख अधिकारी के रूप में पदभार न मिला हो मगर समाज में फैली हुई बुराईयों को समाप्त करने के लिये पीछे नही हटता है। यह जरूर है कि उसके साथ कार्य करने के लिये कुछ निष्ठाभान व जाबाज किस्म के कर्मचारी होना चाहिये। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई सांईखेड़ा पुलिस थाने में देखने मिल रही है। बताया जाता है कि इस थाने में पदस्थ महिला एस आई वर्षा धाकड़ द्वारा अपने सहकर्मी भास्कर पटैल तथा दिनेश पटैल सहित अन्य स्टाफ के साथ मिलकर जिस तरह सांईखेड़ा क्षेत्र में मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ डंडा घुमाया जा रहा है उसके चलते इस तरह अवैध कृत्यों में लिप्त करने वाले वर्षा के केहर से बच नही पा रहे है। इस तरह क्षेत्र में लगातार बढ़ रही मादक पदार्थो के अवैध कारोबार सहित अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक डा ऋषिकेश मीना के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया सहित उप पुलिस अधीक्षक एल एस डागूर के मार्ग दर्शन में पुलिस द्वारा संदिग्धों पर पैनी नजर रखते हुये गस्त के दौरान लगातार भ्रमण किया जा रहा है। इसी के चलते बीते हुये दिवस जब सांईखेड़ा पुलिस थाने में पदस्थ एस आई वर्षा धाकड़ अपनी टीम के साथी प्रधान आरक्षक भास्कर पटैल, नरेन्द्र कुशवाहा व अवैध कृत्यों में लिप्त रहने वालों को पहचाने में माहिर बन चुके आरक्षक दिनेश पटैल, सुदीप ठाकुर, आदर्श पाठक, म आ हेमलता मेहरा व सैनिक सुरेश पुरी के साथ क्षेत्र की गस्त करने के लिये गाडरवारा की ओर जा रही थी उसी दौरान रास्ते में सेठान तिरहा के पास यात्री प्रतिक्षालय के पास एक युवक संदिग्ध स्थिति में दिखाई देने के साथ साथ पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। इस टीम द्वारा युवक की घेराबंदी करते हुये पकड़कर जब उससे पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम सुनील उर्फ पप्पू पिता महादेव मेहरा उम्र 47 साल निवासी ग्राम बनवारी बताया गया। वही जब युवक की वर्षा धाकड़ की टीम द्वारा तलाशी ली गई तो उसके पास से पुलिस को 8.5 ग्राम स्मैक पावडर जिसकी अनुमानित कीमत 85 हजार रूपया पाये जाने पर पुलिस ने आरोपी के पास से स्मैक पावडर जप्त करते हुये गिरप्तार करते हुये आरोपी के खिलाफ मामला कायम करने के बाद मा. न्यायालय में पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।


# एनटीपीसी क्षेत्र में प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रमों को लेकर अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ चीचली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गांगई में स्थापित एनटीपीसी पावर प्लांट गाडरवारा द्वारा जिस तरह अपनी इकाईयों में इजाफा किया गया है उनका लोकापर्ण के लिये प्रधानमंत्री के आगमन की चर्चाये पूर्व में भी सुनी जा चुकी है। वही एक बार फिर प्रधानमंत्री के आने की खबर ने जोर पकड़ लिया गया है। इस बात जहां प्रशासन तंत्र भी अलर्ट मूड में दिखाई दे रहा है तो दूसरी ओर शुरूआती तैयारियाँ भी मैदान पर दिखाई देने लगी है। इस तरह बताया जाता है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गाडरवारा के समीपस्थ चीचली क्षेत्र में स्थापित एनटीपीसी में 5 या 6 जून 2026 को कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसी के चलते बीते हुये गुरूवार को कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने उक्त कार्यक्रम की तैयारियों के लिए संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, एसडीएम गाडरवारा श्रीमती कलावती व्यारे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. मीणा ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम का सुचारू रूप से तैयारियों के लिए अधिकारियों को निर्देश देते हुये उन्होंने हेलीपैड स्थल, कार्यक्रम स्थल और पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, हेलीपैड एवं सुरक्षा बेरीकेटिंग व्यवस्था, सत्कार व्यवस्था, परिवहन, पार्किंग, विद्युत, चिकित्सा व्यवस्था, फायर बिग्रेड, पेयजल व्यवस्था और साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये गये है।

# गांव गांव पहुंच रहे नॉट फार सेल मार्काधारी सीमेन्ट का विक्रय किसके द्वारा किया जा रहा है






**हरिभूमि न्यूज/ कल्याणपुर।** जिस प्रकार से समीपस्थ चीचली क्षेत्र में स्थापित होने जा रहे एनटीपीसी पावर प्लांट क्षेत्र में आये दिन अनेक प्रकार की अनोखी घटनाएं घटित होने के कारण संपूर्ण क्षेत्र चर्चा में बना हुआ है? वही दूसरी ओर जिस प्रकार से बीते हुये वर्षो में इस एनटीपीसी क्षेत्र में लोहे की चोरी सहित अन्य कार्य कलापों के चलते हुई जांच में चौकाने वाली सच्चाई भी उजगार हो चुकी है? वही दूसरी ओर जिस प्रकार से इस समय एनटीपीसी स्थापित होने वाली क्षेत्र के अनेक गांवों में ट्रेक्टर ट्रालियों में लदकर जा रहे नॉट फार सेल वाले मार्काधारी सीमेन्ट की बिक्री सिर्फ चर्चा का विषय ही नही अनेक संदेहों को जन्म देते हुए जान पड़ रही है? इस प्रकार से क्षेत्र के गांवों में लगातार पहुंच रहे इस प्रकार से नॉट फार सेल मार्काधारी बोरियों वाले सीमेन्ट की सच्चाई को लेकर बताया जाता है कि जब किसी क्षेत्र में किसी शासकीय उद्योग या फिर कोई बड़ा निर्माण होता है तो इस प्रकार की सामग्री सीधे कंपनी के माध्यम से निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी को पहुंचाई जाती है और इसके लिए शासन द्वारा सीधे कंपनी से कान्टेक्ट करते हुए माल लिया जाता है, जिसका विक्रय नही होता है? मगर इस समय जिस प्रकार से गांव गांव ट्रेक्टर ट्रालियों में पहुंच रहे इस प्रकार के सीमेन्ट की सच्चाई को देखकर बड़े स्तर पर होने वाली गफलबाजी की ओर संकेत मिलते हुए दिखाई दे रहे है? इस प्रकार से गांवों में पहुंच रहे सीमेन्ट को ट्रेक्टर ट्राली में ले जाने वाले लोगों से चर्चा की गई तो वह इस सीमेन्ट की सच्चाई को उजागर करने में असमर्थ दिखाई दिये? क्योंकि इस प्रकार से नॉट फार सेल मार्का से सुसज्जित माल किसी दुकान द्वारा तो विक्रय हो नही सकता है तो फिर अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि आखिरकार यह माल आ कहा से रहा है? क्योंकि इस माल को उन गांवों में पहुंचते हुए देखा जा रहा है जहां पर न तो कोई शासकीय स्तर का बड़ा निर्माण हो रहा है और न ही निर्माण होने की कोई जानकारी है? अब सीधे तौर पर यह अनुमान लगते हुए जान पड़ रहा है कि कही ऐसा तो नही कि क्षेत्र में चल रहे रेल्वे लाईन के ब्रज या फिर किसी अन्य बड़े निर्माण कार्य करने वाली कंपनियों द्वारा ही इस माल को ओने पोने दामों में खपाने की जुगाड़ बिठाते हुए इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा हो? गैर इस प्रकार से से गांव गांव पहुंच रहे इस सीमेन्ट की सच्चाई के पीछे क्या राज छिपा है उसे तो भगवान ही जाने? मगर लगातार गांवों की ओर सप्लाई होने वाले इस सीमेन्ट की सच्चाई को लेकर क्षेत्र के लोगों द्वारा निर्माणाधीन शासकीय कार्यो की जांच कराई जाने की मांग की जाने लगी है? क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि इस प्रकार से गांवों की ओर ट्रेक्टर ट्रालियों से लदकर जा रहे इस माल की जांच होती है तो निश्चित ही चौकाने वाली सच्चाई सामने आने से नही बच पायेगी?

# नाबांलिग हो रहे शिक्षा से वंचित, सरकार की योजनाओं पर लग रहा प्रश्न चिन्ह..?



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** क्षेत्र के आदिवासी समुदाय की स्थिति दिन ब दिन बद्तर होती जा रही है। जहां एक ओर शासन प्रशासन द्वारा इनके उत्थान के लिए चलाए जा रहे सभी नियम कानून कागजो में सिमटते नजर आ रहे है? इस बात की सच्चाई उजागर कर रहे है वे नाबालिग जो प्रतिदिन यहां पर लकड़ी का गट्ठा लेकर बेचने आते है, सूत्रो की माने तो तहसील मुख्यालय के आसपास के क्षेत्रो से ये बालक अपने परिवार वालो के साथ प्रतिदिन अपने बजन से अधिक वजन का गट्ठा लेकर अपनी मजबूरी को बयां करते देखे जा सकते है। इसे मजबूरी ही कहा जाएगा? क्योकि कौन मॉ बाप चाहता है कि उनके बच्चे बच्चियॉ लकड़ी का गट्ठा ढोएं? ऐसा नही है कि यह बात किसी से छुपी है, इसे तो प्रशासन के सभी आला अफसर भी देखते है। चाहे गर्मी का मौसम हो या कड़ाके की ठंड, लेकिन परिवार की आर्थिक समस्या या यूं कहे कि दो वक्त की रोटी इन बच्चो को सड़क में लकडी का गट्ठा लेकर खड़ा होने के लिए मजबूर कर देती है? पेट के भूखे, पैरो में बिना चप्पल जूते के, फटेहाल कपड़े पहने हुए इन बच्चो की हालत को देखने पर ही प्रशासन की योजनाओं में हो रहा गोलमाल सामने आ जाता है? कि जिस क्षेत्र में यह बच्चे निवास करते है वहां के स्कूलों में इन बच्चों को उपस्थिति तो प्रतिदिन लग रही ही होगी? मगर इसके बाद भी यह बच्चे शहर में लकड़ी बेचते नजर आते है, आखिर इन बच्चों के नाम पर उन संस्थाओं को भोजन व अन्य सुविधाएं ले कौन रहा है? उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा छात्र छात्राओं को शिक्षा दिलाने संबंधी तरह तरह की योजनाएं चलाई जा रही है, मगर इन नाबालिगों की दशा देखकर नही लगता कि शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन सही रूप में नही किया जा रहा है? लकड़ी ढोने के लिए मजबूर ये बच्चे अपने बचपन को दांव पर लगाते हुए अपना और अपने परिवार के भरण पोषण के लिए हाथ बंटा रहे है, वही इनकी खबर लेने वाला शायद कोई नही है क्योकि यह बात नई नही है, और इस प्रकार से मासूम बच्चे अपने सिरों पर लकड़ी रखे शहरों में आसानी से देखे भी जा सकते है? शायद प्रशासन को इन बालको की मजबूरी का अंदाजा नही है इन बालको की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए यह लकड़ी ढोने का अनवरत सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा, इसे रोका जाना चाहिए।

# वोकेशनल कोर्स से संबंधित रोजगारोन्मुखीकरण प्रशिक्षण संपन्न






**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आईटी, आईटीईएस विषय के कक्षा 10वीं एवं कक्षा12वीं के छात्र-छात्राओं के टीव्ही 20 दिवसीय रोजगार उन्मुखीकरण प्रशिक्षण (ओजीटी) अंतर्गत अंजनी कंप्यूटर एजुकेशन में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में संस्था के संचालक वृन्देश ताम्रकार द्वारा प्रशिक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं को संस्था में चल रहे समस्त कोर्स के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये उनके द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में केवल पारंपरिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि तकनीकी एवं कौशल आधारित शिक्षा भी युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बन रही है। इस दौरान उन्होंने पूरे प्रशिक्षण में ऑनलाइन से संबंधित विभिन्न कार्य, यथा फॉर्म भरना, इंटरनेट के माध्यम से आधार कार्ड डाउन लोड करना, लेमिनेशन करना, फोटो कॉपी, बिजली बिल का भुगतान, आधार कार्ड निर्माण प्रक्रिया, पासपोर्ट साइज की फोटो बनाना, कंप्यूटर नेटवर्क के बारे में एचटीएमएल टैग का उपयोग, ऑफिस संबंधी कार्य, एक्सेल शीट पर कार्य सहित अनेक कार्यों का प्रशिक्षण प्रदान किया। इस प्रशिक्षण के दौरान वी.टी.पी .जी के एजुकेशन ट्रस्ट के कोऑर्डिनेटर अनुराग नागर द्वारा निरीक्षण कर छात्रों से जानकारी प्राप्त कर अपना मार्गदर्शन दिया। यह 20 दिवसीय प्रशिक्षण उत्कृष्ट विद्यालय चीचली के व्यावसायिक प्रशिक्षक सरफराज मोहम्मद के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ। विद्यालय के प्राचार्य भूपेश ठाकुर तथा व्यावसायिक शिक्षा के प्रभारी सत्यम ताम्रकार ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है तथा विभाग एवं शासन द्वारा भी युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रश्न पूछे तथा करियर संबंधी मार्गदर्शन प्राप्त किया। अंत में विद्यालय प्राचार्य ने कहा कि ऐसे रोजगार उन्मुखी कार्यक्रम विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें आत्मविश्वास एवं नई दिशा प्रदान करते हैं। इस रोजगार उन्मुखीकरण में विद्यालय के व्यावसायिक प्रभारी सत्यम ताम्रकार, विनीत नामदेव भारत ताम्रकार का सतत सहयोग मिला।

# शासन पंचायतों में पति राज खत्म करने को लेकर दिये गये आदेश के बाद भी दिखाई नहीं पड़ रहा है कोई बदलाव, आज भी ग्राम पंचायतों से लेकर नगरीय निकायों में निर्वाचित पत्नियों की कुर्सी पर जलवा दिखा रहे पतिदेव?

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** जहां एक ओर देखा जा रहा है कि संविधान में महिलाओं को आरक्षण देते हुए उन्हें अग्रसर किया जा रहा है तो दूसरी ओर केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा महिला शक्ति को सम्मान देने के लिये उन्हें आगे लाया जा रहा है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये कुछ साल पहले प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न पदों पर निर्वाचित हुये महिला जनप्रतिनिधियों के कुर्सी पर उनके पतियों या फिर परिवार के सदस्याओ को हस्ताक्षेप किये जाने पर सख्ती से रोक लगाने के लिये जिला कलेक्टरों को कार्यवाही करने के आदेश जारी किये गये थे। मगर इस आदेश को जारी हुई सालों का समय बीत जाने के बाद भी किसी तरह का बदलाव दिखाई नही पड़ रहा है और ग्राम पंचायतों से लेकर नगरीय निकायों में निर्वाचित हुई महिलाओं की कुर्सियों पर आज भी उनके पतिदेवों द्वारा जलवा दिखाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। अक्सर देखा जाता है कि जिन क्षेत्रों में महिलाएं आगे बढ़ने का प्रसास करती है उन क्षेत्रों में उनके पतियों द्वारा उनकी कुर्सी पर कब्जा करते हुए उन्हें पीछे की ओर करने में कोई कसर नही छोड़ते है? जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो पंचायती राज व्यवस्था से लेकर नगर पालिकाओं पर सरपंच पतियों से लेकर पार्षद पतियों का ही बोलबाला देखने मिलता है। प्रमुख रूप से गौर किया जावे तो पंचायती राज में तो महिला सरपंच या जनपद सदस्य हो या फिर नगरीय निकायों में पार्षद वह मात्र नाम की ही होती है बोलबाला तो उनके पतियों का ही रहता है..? इस बात की सच्चाई आज भी पंचायतों से लेकर नगरीय निकायों में आसानी से देखने मिल रही है। यहां तक की सरपंच पतियों द्वारा अपने आप को सरपंच, जनपद सदस्या या फिर जिला पंचयात सदस्य प्रतिनिधि बताने या फिर अपने वाहनों में लिखने से भी नही चूकते है..? जबकि नियम के अनुसार बताया जाता है कि निर्वाचित प्रतिधिनियों के प्रतिनिधि होने का कालम विधायक तक हो होता है। विधायक के नीचे प्रतिनिधि का कालम होता ही नही है? मगर इसके बाद भी सरपंच पति अपने आप को सरपंच प्रतिनिधि मानते हुए पंचायतों की कार्यवाही में सबसे आगे देखे जाते है। इस बात की सच्चाई इस समय क्षेत्र की ग्राम पंचायतों से लेकर नपा कार्यालयों से लेकर जनपद व ग्राम पंचायतों में आसानी से देखने मिल रही है। यहां पर सच्चाई इस तरह देखने मिल रही है कि महिला जनप्रतिनिधियो के पतिदेव इन संस्थाओं के कार्यो में दखलन दाजी का प्रयास तो करते हुये देखे ही जाते है साथ ही कभी कभार इन जिम्मेदार मानी जानी वाली संस्थाओं की बैठकों में भी तशरीफ लाने से भी नही चूकते है? किंतु महिला जनप्रतिनिधियों के पतियों की मनमानी पर अंकुश लगाने के उद्धेश्य से शासन द्वारा इनकी दखन दाजी पर अंकुश लगाने के लिये आदेश जारी करते हुये जिला कलेक्टरों को कार्यवाही की बात कही गई थी। मगर पूर्व की भांति यह आदेश आज भी रद्दी की टोकरी में दिखाई देते हुये जान पड़ रहा है जिन जगहों से महिला जनप्रतिनिधि निर्वाचित हुई है वहां पर उनके पतिदेव जलवा दिखा रहे है।

**खबर संक्षेप**

## कुएं में मिली 18 वर्षीय युवती की लाश, क्षेत्र में फैली सनसनी



**शहपुरा।** शहपुरा क्षेत्र में बुधवार को उस समय सनसनी फैल गईए जब यूकेलिप्टस प्लांटेशन के पास स्थित एक कुएं में 18 वर्षीय युवती का शव मिला। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।सूचना मिलने पर शहपुरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृत युवती बड़वारा क्षेत्र की निवासी बताई जा रही हैए जो रिश्तेदारी में निवसी गांव आई हुई थी। इसी दौरान वह अचानक लापता हो गई थी। परिजन उसकी तलाश कर रहे थेए तभी बुधवार को कुएं में शव मिलने की सूचना मिली।घटना के बाद क्षेत्र में तरह.तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि पुलिस फिलहाल मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के बाद ही युवती की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## मानिकपुर शक्ति केंद्र में पंच परमेश्वर का गठन



**शहपुरा।** शहपुरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मानिकपुर मंडल में बुधवार को भाजपा द्वारा शक्ति केंद्र स्तर पर पंच परमेश्वर गठन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनानेए संगठन विस्तारए जनसंपर्क अभियान तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत मंथन किया गया। कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने एवं पार्टी की विचारधारा को जन.जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।बैठक भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी विशाखा राय की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक एकताए बूथ प्रबंधन एवं जनसंपर्क गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा का संगठनात्मक ढांचा ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकर्ताओं की सक्रियता से ही संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है।

# जिला चिकित्सालय के लेबर वार्ड में शॉर्ट सर्किट से लगी आग



### कर्मचारियों की सूझबूझ से टली बड़ी दुर्घटना

**डिंडोरी। जिला चिकित्सालय डिंडोरी के लेबर वार्ड में गुरुवार शाम करीब 5 बजे विद्युत पावर स्विच में शॉर्ट सर्किट होने से अचानक धुआं फैल गया। घटना के दौरान वार्ड में मौजूद स्टाफ नर्स काजल जागेला एवं सिमरन कुशवाहा ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल विद्युत आपूर्ति बंद कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया।इसी बीच ड्यूटी पर तैनात महिला गार्ड ललित मरावी ने पास में लगे अग्निशमन यंत्र का उपयोग कर आग पर तुरंत काबू पा लियाए जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई।घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया लगभग 10 मिनट के भीतर जिला चिकित्सालय पहुंचीं और मौके का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।**



अधिकारियों द्वारा क्षतिग्रस्त विद्युत सर्किट की तत्काल मरम्मत कर नया सर्किट लगाया गयाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना दोबारा न हो।निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉण रमेश मरावीए विद्युत अधिकारी आरण बघेलए एसडीएम रामबाबू देवांगनए जनसंपर्क अधिकारीए नगर पालिका अधिकारी अमित तिवारी सहित चिकित्सालय का स्टाफ एवं चिकित्सक उपस्थित रहे। कलेक्टर भदौरिया ने स्टाफ नर्सों एवं महिला गार्ड की सतर्कता और सूझबूझ की सराहना करते हुए कहा कि उनकी तत्परता से बड़ी दुर्घटना टल गई। उन्होंने तीनों महिलाओं को राष्ट्रीय पर्व पर सम्मानित किए जाने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने अस्पताल के अन्य वार्डों का निरीक्षण कर मरीजों से चर्चा की तथा अधिकारियों को समय पर उपचार एवं दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही वर्षा ऋतु से पूर्व अस्पताल के सभी विद्युत सर्किटों की जांच एवं आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।




# गायत्री यज्ञ के साथ जिला जेल डिंडौरी में नवीन बैरक भवन का लोकार्पण



**डिंडौरी।** जिला जेल डिंडौरी में गुरुवार को गायत्री यज्ञ एवं पूजा.अर्चना के बीच नवीन बैरक भवन का लोकार्पण किया गया। जेल की बढ़ती आवश्यकताओं को देखते हुए शासन द्वारा वर्ष 2025 में नवीन बैरक भवन की स्वीकृति प्रदान की गई थी। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में पीडब्ल्यूडी विभाग ने लगभग 99ण्03 लाख रुपये की लागत से भवन निर्माण कार्य जनवरी 2026 में पूर्ण कराया।आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह दो मंजिला बैरक भवन 40 बिस्तरों की क्षमता वाला है। भवन की दोनों मंजिलों पर 20.20 बिस्तरों की व्यवस्था की गई है। साथ ही कैदियों के लिए पर्याप्त प्रकाशए पेयजल एवं हवादार कमरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

लोकार्पण कार्यक्रम से पूर्व गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा गायत्री एक कुंडी यज्ञ एवं विधि.विधान से पूजा.अर्चना संपन्न कराई गई। इसके बाद जिला जेल में 10 वर्ष की सजा काट रहे वरिष्ठ कैदी मान सिंह मरावीए निवासी गाड़ासरई द्वारा फीता काटकर नवीन बैरक भवन का शुभारंभ किया गया।जेल अधीक्षक लव सिंह काटिया



ने बताया कि नए बैरक भवन के निर्माण से कैदियों एवं जेल स्टाफ को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा जेल परिसर की व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी।कार्यक्रम में एसडीओपी सतीश द्विवेदीए नशा मुक्ति केंद्र से ऋतु जैनए पीडब्ल्यूडी से राजेश विश्वकर्माए गायत्री परिवार के गोपाल प्रसाद चौकसेए अंजना शर्माए उपेंद्र पाराशरए प्रमिला मिश्राए शुभाला शुक्लाए पीसी चौरसियाए अयोध्या प्रसाद झरियाए सुषमा झरियाए माधव शरण पाराशरए ओम प्रकाश मिश्रा सहित जेल स्टाफ एवं कैदी उपस्थित रहे।

## बढ़झर घाट में बड़ा हादसा टलाए पत्तियों से भरा ट्रक पलटा



शहपुरा। डिंडोरी जिले के बिछिया चौकी क्षेत्र अंतर्गत बढ़झर घाट में गुरुवार को एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। पत्तियों के बोरे से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में दो लोग घायल हो गएए जिन्हें स्थानीय ग्रामीणों की मदद से तत्काल शहपुरा अस्पताल पहुंचाया गयाए जहां उनका उपचार जारी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक पत्तियों के बोरे लेकर बढ़झर घाट से गुजर रहा था। इसी दौरान घाट के तीखे मोड़ पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और ट्रक पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा.तफरी की स्थिति बन गई।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने घायलों को वाहन से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाने में मदद की।स्थानीय लोगों का कहना है कि बढ़झर घाट क्षेत्र दुर्घटना संभावित क्षेत्र बन चुका हैए जहां आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। घाट के तीखे मोड़ एवं पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं होने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से घाट क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।गौरतलब है कि कुछ वर्ष पूर्व भी इसी बढ़झर घाट में एक पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया थाए जिसमें करीब 14 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बावजूद अब तक पर्याप्त सुरक्षा उपाय नहीं किए जाने से लोगों में नाराजगी बनी हुई है।

## डिण्डोरी में भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न, संगठन और जनकल्याण पर हुआ मंथन



**डिण्डोरी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा श्12 साल विश्वास केए विकास केए जनकल्याण केश अभियान के तहत गुरुवार को जिला कार्यालय डिण्डोरी में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं मंडला लोकसभा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यशाला में जिलेभर से भाजपा पदाधिकारीए मंडल अध्यक्षए मोर्चा पदाधिकारीए जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माताए पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉण श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद वंदे मातरम् एवं संगठन गीत प्रस्तुत किया गया।

कार्यशाला में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनानेए केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा आगामी अभियानों को प्रभावी बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।मुख्य अतिथि सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि भाजपा केवल सत्ता नहींए बल्कि राष्ट्रसेवा और अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य करने वाला संगठन है। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में विकासए सुशासन और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हुए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव.गांव जाकर सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को जन.जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति हैं। उन्होंने श्12 साल विश्वास केए विकास केए जनकल्याण केश अभियान को सेवाए समर्पण और जवाबदेही का प्रतीक बताया। नेताम ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करनेए सदस्यता अभियानए जनसंपर्क और सोशल मीडिया गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया।कार्यशाला में संगठन विस्तारए सोशल मीडिया प्रबंधनए बूथ प्रबंधन एवं आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन को और मजबूत बनाने तथा आगामी चुनावों में भाजपा को विजय दिलाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री सुधीरदत्त तिवारी ने कियाए जबकि आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष दिलीप ताम्रकार ने व्यक्त किया।इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अशोक अवधियाए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र सिंह राजपूतए पूर्व विधायक दुलीचंद उरैतीए जिला महामंत्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# माहवारी स्वच्छता दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा में किशोरियों को किया जागरूक



**शहपुरा।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कायक्रम ;आरकेएसकेद्ध के तहत गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुराए जिला डिंडोरी में माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों एवं समुदाय में माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा इससे जुड़े मिथकों एवं भ्रांतियों को दूर करना रहा।कार्यक्रम में डॉण अंकित वर्माए बीसीएम रोशन रैदासए परामर्शदाता जाकिर खानए मास्टर ट्रेनर दीपक साहू एवं संगीता गौलिया सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीएम राइज स्कूल की हेल्थ केयर किशोरियांए साथिया एवं आशा कार्यकर्ताओं ने भी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान किशोरियों ने माहवारी जागरूकता विषय पर रंगोली एवं पेंटिंग बनाकर स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी संदेश दिए। आयोजित जागरूकता सत्र में विशेषज्ञों द्वारा किशोरियों को माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखनेए संतुलित आहार लेनेए सैनिटरी पैड के सही उपयोग एवं सुरक्षित निपटान की जानकारी दी गई।विशेषज्ञों ने माहवारी से जुड़े सामाजिक मिथकों एवं भ्रांतियों पर चर्चा करते हुए किशोरियों को जागरूक किया तथा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को स्वयं जागरूक रहने एवं अन्य किशोरियों को भी माहवारी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम का समापन सफलतापूर्वक हुआ।

# बंजारी घाट पुल के नीचे अज्ञात शव मिलने से सनसनी

**शहपुरा।** जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बिछिया के समीप स्थित बंजारी घाट में पुल के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। मिली जानकारी के अनुसार सुबह कुछ ग्रामीण नदी किनारे से गुजर रहे थेए तभी उनकी नजर पुल के नीचे पड़े एक शव पर पड़ी। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण शुरू किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के क्षेत्र की बारीकी से जांच की। मौके पर मौजूद लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया गयाए लेकिन देर शाम तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। बताया जा रहा है कि शव कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा थाए जिससे पहचान करना मुश्किल हो गया है। पुलिस को शव के पास से कुछ कपड़े और अन्य सामान मिले हैंए जिनके आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मौत दुर्घटना के कारण हुईए आत्महत्या का मामला है या फिर किसी अन्य कारण से व्यक्ति की जान गई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा क्षेत्र में हाल ही में लापता हुए लोगों की जानकारी भी जुटाई जा रही है। इसके साथ ही आसपास के थानों को भी अज्ञात शव मिलने की सूचना भेजी गई है ताकि मृतक की पहचान हो सके।पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। वहीं पुलिस द्वारा मृतक की फोटो और हुलिए की जानकारी आसपास के क्षेत्रों में साझा की जा रही है ताकि पहचान संभव हो सके। घटना के बाद ग्रामीणों में भय और चिंता का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर जल्द सच्चाई सामने लाने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है और जल्द ही मृतक की पहचान कर घटना के कारणों का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल पुलिस अज्ञात शव की पताशाजी में जुटी हुई है।

# माहवारी स्वच्छता दिवस पर जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम

### किशोरियों को दी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की जानकारी

**डिंडौरी।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय डिंडौरी में बुधवार को माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से किशोरियों एवं महिलाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छताए पोषण और स्वास्थ्य प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया। आयोजन कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण मनोज पांडे एवं सिविल सर्जन डॉण रमेश मरावी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत जिला चिकित्सालय परिसर से जागरूकता रैली निकालकर की गई। रैली के माध्यम से माहवारी स्वच्छता को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने तथा महिलाओं को जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इसके बाद



आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने किशोरियों को माहवारी स्वच्छता प्रबंधनए संतुलित आहारए व्यक्तिगत साफ.सफाई एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।कार्यशाला को संबोधित करते हुए परामर्शदाता नविता पटेल ने कहा कि माहवारी महिलाओं के जीवन की एक स्वाभाविक प्रक्रिया हैए जिसे लेकर संकोच या भ्रम की बजाय जागरूकता और स्वच्छता आवश्यक है। उन्होंने किशोरियों को सेनेटरी नेपकिन अथवा साफ सूती कपड़े के उपयोगए नियमित अंतराल में पैड बदलने एवं पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी।राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉण जयश्री मरावी ने कहा कि आज भी समाज में माहवारी को लेकर कई तरह की रूढ़िवादी सोच और मिथक प्रचलित हैंए जिन्हें दूर करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने किशोरियों से माहवारी के दौरान स्वच्छताए पर्याप्त आराम एवं पोषण का विशेष ध्यान रखने की अपील की।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉण ममता दीवान ने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक परिवर्तनों और माहवारी चक्र की वैज्ञानिक जानकारी साझा की। वहीं जिला समन्वयक ओमप्रकाश उरैती ने कहा कि माहवारी महिलाओं के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा होने के बावजूद इस विषय पर खुलकर चर्चा नहीं हो पातीए जिससे किशोरियों के स्वास्थ्य और आत्मविश्वास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण मनोज पांडे ने कहा कि माहवारी को लेकर समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने के लिए परिवार एवं समुदाय स्तर पर जागरूकता अभियान चलाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जागरूकता से ही किशोरियों और महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है।कार्यक्रम के दौरान भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर माहवारी स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर किशोरियों को निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किए गए तथा नियमित स्वच्छता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई।कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीए नर्सिंग स्टाफए परामर्शदाताए मास्टर प्रशिक्षक एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम से जुड़े कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


**नाम परिवर्तन सूचना**

झनक लाल पिता चमरू सिंह आयु 42 वर्ष जाति गोंड़ निवासी ग्राम बड़झर माल थाना व तहसील - शहपुरा, जिला - डिण्डौरी ( म.प्र.) निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ मेरा आधार नं. 3449 09422642 है। यह कि मेरे पुत्र का नाम मनीष कुमार तेकाम (MANEESH KUMAR TEKAM) है जो कि मेरे पुत्र के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित है, किन्तु मेरे पुत्र के आधार कार्ड में नाम शिव कुमार (SHIV KUMAR) त्रुटिवश लिख दिया गया है जिससे मेरे पुत्र को अत्यन्त परेशानिया हो रही है । यह कि मेरे पुत्र का आधार कार्ड कं. 43235904 1462 में दर्ज नाम शिव कुमार (SHIV KUMAR) को परिवर्तित कर मनीष कुमार तेकाम (MANEESH KUMAR TEKAM) दर्ज किया जावे, तदानुसार शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप

### तहसील कार्यालय में बनाया गया आधार केन्द्र



नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में तहसील कार्यालय तेंदूखेड़ा में आधार केन्द्र स्थापित किया गया है। आधार केन्द्र के शुरू होने से अब नागरिकों को आधार संबंधित कार्यों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। कोई भी नागरिक तहसील कार्यालय तेंदूखेड़ा में आधार कार्ड बनवाने तथा आधार कार्ड में आवश्यक सुधार का कार्य करवा सकेंगे, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों को आधार कार्ड बनवाने तथा आधार कार्ड में संशोधन करने की सुविधा सहज और सुगम तरीके से उपलब्ध कराई जा रही है। नागरिकों को आधार से जुड़ी सेवाओं का लाभ तत्परता से मिले, इसके लिए जिला प्रशासन सक्रियता से कार्य कर रही है।

### जंगल कटने से नहीं बचा पा रहे वनरक्षक

नरसिंहपुर। सरकार द्वारा वनों को बचाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। लेकिन प्रशासन के गैरजिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही के कारण धड़ल्ले से वनों की कटाई होती रहती है। ऐसा ही मामला वन परिक्षेत्र नरसिंहपुर के सहायक वन परिक्षेत्र बचई की मुड़रई वीट से सामने आया जहां पर अवैध रूप से बड़े पैमाने पर वनो की कटाई की गई। वही वन रक्षक नाके के निर्माण में भी गुणवत्ता युक्त नही किया गया। वही सूत्रों से प्राप्त जानक  ारी के अनुसार मुड़रई वीट मे पदस्थ वन रक्षक वीट में ना तो निवास करती है और ना ही नियमित रूप से वीट की रक्षा के लिए पहुंचती है। प्रशासन के चाहिए मुड़रई वीट की गंभीरता से जांच कर ठोस कार्रवाई करे।

### नदी मे नहाने गए दो किशोरों की डूबने से मौत

नरसिंहपुर। गत दिवस नदी में नहाने गए दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के  अनुसार शेख समर पिता राजा नासिर मुसलमान उम्र 16 वर्ष निवासी सिमरिया एवं श्रेयांश कश्यप पिता प्रकाश कश्यप उम्र 15 वर्ष निवासी गुलाब चैराहा थाना कोतवाली ग्राम तिंदनी के पास शेढ़ नदी पुल के पास नहाते समय डूब गए जिन्हे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### व्यक्ति ने खाया जहर

नरसिंहपुर। गत दिवस थाना क्षेत्र सुआतला निवासी व्यक्ति द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। पुलिस ने बताया कि हेमराज पिता जीवन लाल पाल उम्र 40 वर्ष निवासी पिठेहरा थाना सुआतला द्वारा अज्ञात कारणों से अपने ही घर पर जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### नियमों धता दिखा रहा डिप्टी रेंजर

नरसिंहपुर। वन को बचाने जिम्मा सरकार द्वारा वन विभाग को दिया गया है लेकिन वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी सरकार के नियमों को धता दिखाते नजर आ रहे है। ऐसा मामला सहायक परिक्षेत्र मुंगवानी से सामने आया जहां पर भ्रमण के दौरान डिप्टीरेंजर द्वारा बांस से भर ट्रेक्टर ट्राली को पकड़ा गया और परिवहनकर्ता से उक्त बांस को लेकर पूछताछ की गई पूछताछ के उपरांत सभी दस्तावेजों की जांच पड़ताल कर बांस से भरे ट्रेक्टर ट्राली को खाली कराया गया। जबकि सरकार द्वार बांस के परिवहन व कटाई में छूट दी गई है तो किस नियम के अनुरूप ट्रेक्टर ट्राली को पकड़ कर खाली कराया गया।

## अमन चैन की मांगी दुआ, गले लगकर दी मुबारकबाद

# शांति व भाईचारे के साथ मनाई गई ईद







हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।

**गत दिवस  ईदुज्जुहा के मौके पर स्थानीय ईदगाह में ईद की नमाज अपने तय वक्त पर अदा कराई गई। इस मौके पर इमाम जनाब मोहम्मद दावर हुसैन साहब ने जामा मस्जिद कमेटी सहित, तमाम इंतजामिया कमेटियों की तैयारियों को लेकर नौजवानों की हौसला अफजाई की और शहर व मुल्क के  अमन चैन की दुआएँ की।**

इमाम जनाब मोहम्मद दावर हुसैन जिला प्रशासन के इंतजामों व सुरक्षा में लगे अधिकारी कर्मचारियों की अच्छी सेहत व कामयाबी की दुआएं की। वहीं जामा मस्जिद कमेटी के अलावा कमेटी के सदस्यों ने जिला प्रशासन का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि हम सबको एक दूसरे के सुख दुख में शामिल होते हैं व भाईचारे के साथ रहते हैं यही हमारे नगर व जिले की पहचान है।

### उल्लास के साथ मनाई ईद

त्याग, समर्पण और आपसी सौहार्द का मुकद्दस त्योहार, ईदुज्जुहा गुरुवार को पूरे जिले में अकीदत और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह की पहली किरण के साथ ही तय वक्त पर जिले की प्रमुख मस्जिदों और ईदगाहों में नमाजियों का सैलाब उमड़ पड़ा। रंग-बिरंगे और पारंपरिक परिधानों में सजे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर चेहरे पर ईद की खुशी साफ झलक रही थी। जिला मुख्यालय पर स्थानीय ईदगाह में शहर कारी जामा मस्जिद पेश इमाम जनाब मोहम्मद दावर हुसैन साहब ने ईद की विशेष नमाज अदा कराई। नमाज के बाद जैसे ही इमाम साहब ने मुल्क व शहर की तरक्की, खुशहाली और आपसी भाईचारे के लिए हाथ उठाए, हर आंख नम और हर दिल दुआ में शरीक नजर आया। नमाज मुकम्मल होने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद मुबारक कहा। इस दौरान मजहबी सरहदों को भूलकर हर वर्ग के लोगों ने अपने मुस्लिम भाइयों को गले लगाया, जो गंगा जमुनी तहजीब में एकता की संस्कृति को बयां करता नजर आया।

### सुन्नत और त्याग का संदेश

ईदुज्जुहा का यह त्योहार पैगंबर हजरत इब्राहिम और उनके बेटे हजरत इस्माइल की महान परीक्षा की याद में मनाया जाता है। ईद का असल मकसद सिर्फ रस्म निभाना नहीं, बल्कि अपनी सबसे अजीज चीज को अल्लाह की राह में कुर्बान करने और गरीबों की मदद करने का जज्बा पैदा करना है। त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जिले में प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये। ईदगाह, मस्जिदों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल तैनात रहा। साथ ही, साफ-सफाई और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी विशेष इंतजाम किये गये।

### ईदगाह कमेटी ने जताया आभार

खुशियों और भाईचारे के पर्व ईदुज्जुहा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के बाद ईदगाह कमेटी व जामा मस्जिद कमेटी नरसिंहपुर ने जिला प्रशासन और स्थानीय निकायों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है। कमेटी के सदस्यों ने एक संयुक्त बयान जारी कर बताया कि ईद की नमाज के दौरान नमाजियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए किए गए इंतजाम बेहद सराहनीय रहे। ईदुज्जुहा की तैयारियों और प्रशासन के माकूल इंतजामात को लेकर ईदगाह कमेटी ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, विद्युत विभाग व नगरपालिका का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि हर साल की तरह इस साल भी प्रशासन ने जो ईदगाह में नमाजियों के लिए जो बेहतर व्यवस्था व सुरक्षा दी है उसके प्रति ईदगाह कमेटी उनका आभार व्यक्त करती है।

# कार्यक्रम स्थल का कलेक्टर एसपी ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिले के एनटीपीसी गाडरवारा में 5 जून को कार्यक्रम प्रस्तावित है। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने उक्त कार्यक्रम की तैयारियों के लिए संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, एसडीएम गाडरवारा श्रीमती कलावती व्यारे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. मीणा ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम का सुचारू रूप से तैयारियों के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने हेलीपैड स्थल, कार्यक्रम स्थल और पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, हेलीपैड एवं सुरक्षा बेरीकेटिंग व्यवस्था, सत्कार व्यवस्था, परिवहन, पार्किंग, विद्युत, चिकित्सा व्यवस्था, फायर बिग्रेड, पेयजल व्यवस्था और साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।



# नशामुक्त भारत अभियान के तहत दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरसिंहपुर के कला पथक दल के द्वारा गुरूवार को ग्राम जरजोला में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में नागरिकों को नशे की आदतों से दूर रहने और समाज में नशामुक्त वातावरण तैयार करने का संदेश दिया गया। नागरिकों को कार्यक्रम में नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई और रैली निकालकर नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

# मानधन योजना के तहत पंजीयन शिविर सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत पंजीयन शिविर का आयोजन नगरपालिका परिषद नरसिंहपुर में बुधवार को किया गया। शिविर में 18 वर्ष से 40 वर्ष आयु वर्ग के असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को योजना में पंजीयन कर लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना भारत सरकार द्वारा संचालित एक सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना है, जिसके अंतर्गत पात्र श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्रतिमाह 3 हजार रुपये की न्यूनतम पेंशन प्रदान की जाती है। योजना में श्रमिक द्वारा निर्धारित मासिक अंशदान जमा किया जाता है, वहीं केंद्र सरकार द्वारा भी समान राशि का योगदान किया जाता है। शिविर में पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई, जिनमें आधार कार्ड, ई-श्रम कार्ड, आधार एवं ई-श्रम से पंजीकृत मोबाइल नंबर तथा बैंक पासबुक शामिल हैं। जिन श्रमिकों का ई-श्रम पंजीयन नहीं हुआ है, उनके लिए शिविर में तत्काल पंजीयन की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई। जिले के सभी सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों से आग्रह किया गया कि वे अधिक से अधिक हितग्राहियों को आयोजित होने वाले शिविरों में लाना सुनिश्चित करें, ताकि पात्र श्रमिक उक्त योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

## भीषण गर्मी में आधी रात को भी सेवायें दे रहे कर्मचारी

# बदला 200 केवीए का ट्रांसफार्मर

तेंदूखेड़ा

एक तरफ जहां इन दिनों आसमान से आग वरस रही है नौतपों में रिकॉर्ड भीषण गर्मी के बीच आम जनजीवन पूरी तरह बेहाल बना हुआ है वहीं विद्युत विभाग के कर्मचारी उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए पूरी निष्ठा के साथ मोर्चे पर डटे हुए हैं। बगैर किसी सुलभ संसाधनों की उपलब्धता के बाबजूद भी सुचारू बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए विद्युत अमले की मेहनत इन दिनों क्षेत्र में खासी चर्चा का विषय बनी हुई है। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिले और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए विद्युत अमला दिन रात मुस्तैद बना हुआ है। इसी कड़ी में बीती रात एक बड़ी तकनीकी खराबी को दूर करते हुए विभाग ने अपनी असाधारण कार्यकुशलता और  का परिचय दिया।

### आधी रात को चला राहत अभियान

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र का एक 200



केवीए का मुख्य डीटीआर (ट्रांसफार्मर) अचानक तकनीकी खराबी के कारण फेल हो गया था जिससे पूरे इलाके की बत्ती गुल हो गई थी। इस भीषण और उमस भरी गर्मी में जहां आम उपभोक्ता परेशान देखा जा रहा है।इस परेशानी को  गंभीरता से लेते हुए उमेश बाल्मीकी और राहुल कटारिया कनिष्ठ अभियंता जेई के कुशल दिशा निर्देशन में विद्युत कर्मियों की टीम ने तत्काल मोर्चा संभाला।रात के अंधेरे में कड़े परिश्रम और परिस्थितियों के बीच टीम ने मुस्तैदी से काम किया। देर रात ही खराब ट्रांसफार्मर को क्रेन व अन्य उपकरणों की मदद से हटाकर नया 200 केवीए का डीटीआर स्थापित कर बिजली आपूर्ति बहाल हुई स्थानीय उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। इस चुनौतीपूर्ण कार्य को सफलता पूर्वक अंजाम देने में दोनों कनिष्ठ अभियंताओं के साथ शहर मुख्यालय के लाइनमैन कृष्ण कुमार अमित विश्वकर्मा मनोज वर्मा दीपक पटेल जगदीश सेन जमुना प्रसाद कुशवाहा और कमलेश सहित पूरी टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई।


## करोड़ों रुपए पानी की तरह बह जाने के बाबजूद समस्या ज्यों की त्यों

# पानी की समस्या से जूझ रहा शहीदों का गांव

तेंदूखेड़ा

आजादी की लड़ाई और बुंदेला विद्रोह में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देश के लिए शहीद हो जाने वाले राजा डेलनशाह नरवर शाह का गांव ढिलवार आज भी पानी की समस्या के जूझ रहा है। यहां पर इस समस्या के निराकरण को लेकर तालाब निर्माण और ट्यूबवेल हेडपंप खनन के नाम पर लाखों करोड़ों रुपए खर्च किए गए लेकिन समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो सका है।आज स्थिति यह बनीं हुई है कि यहां पर लाखों रुपए खर्च करके डाली गई घटिया पाइप लाइन जहां तहां से लीकेज टूटने के कारण गांव तक पानी ही नहीं पहुंच पा रहा है। और गांव वाले पानी को लेकर परेशान बनें हुए हैं। ग्राम के प्रतिष्ठित और शहीद परिवार के वंशज ठा रामकुमार सिंह ठाकुर का कहना है कि यहां के अधिकांश लोग मजदूरी करके अपना जीवन यापन किया करते हैं। लेकिन उनके सामने पानी की बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है। एक जोर से भी ज्यादा समय पानी की व्यवस्था निस्तार करने और मवेशियों को पानी पिलाने में ही निकल रहा है। यहां पर जमीनी जल स्तर काफी नीचे है। और जमीनी जल स्तर बढ़ाने हर साल शासन प्रशासन द्वारा तालाबों का निर्माण कराया जाता है लेकिन बरसात के बाद उनमें पानी ही नहीं रुकता। मुख्यमंत्री सरोवर योजना के तहत एक करोड़ रुपए की लागत से तालाब निर्माण किया गया था लेकिन पहली बरसात में वह भी बह गया था।कुल मिलाकर पानी को लेकर अभी तक कोई उचित व्यवस्था नहीं बन सकी है। ग्राम के उपसरपंच पवन प्रजापति का कहना है कि गांव में लगे हेडपंप केवल दिखावा ही साबित हो रहे हैं।इन हेंडपंपो से पानी की जगह केवल हवा ही निकल रही है। गांव के लोग महिलाओं के साथ खेतों वाले कुओं में पहुंचकर पानी खींचकर नहाने धोने निस्तार और मवेशियों को पानी पिलाने गाड़ी बैल साइकिलों पर पानी लाने मजबूर बनें हुए हैं।पी एच ई विभाग के अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। यदि उन्हें सूचना दो तो आज कल करके समय निकाल रहें हैं।





हरिभूमि

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

**एजेंसी देना है**

नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत करकबेल, बोहानी, चीचली, बरमान में हरिभूमि अखबार की एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति सुरक्षा निधि के साथ संपर्क करें।

| हरिभूमि कार्यालय | मोबाइल नंबर |
| --- | --- |
| प्लाट नं. 66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई जबलपुर (म.प्र) | 9340637789<br>9479623424 |